अवसर पहल और ओएओपी अवधारणा का कार्यान्वयन

Implementation of AVSAR Initiative and OAOP Concept

भाविप्रा की अवसर पहल के तहत, भोपाल के राजा भोज विमानतल ने स्थानीय शिल्प कौशल को बढ़ावा देने और स्वयं सहायता समूहों (एसएचजी) को सशक्त बनाने के लिए 'वन एयरपोर्ट वन प्रोडक्ट' (ओएओपी) अवधारणा को लागू किया। भोपाल विमानतल के लिए, ओएओपी उत्पाद के रूप में 'जरी जरदोजी' को चुना गया है, जो एक पारंपरिक और श्रमसाध्य कढ़ाई कला है। स्वयं सहायता समूहों (एसएचजी) को अवसर आउटलेट्स पर जरी जरदोजी शिल्प कौशल वाले उत्पादों को बढ़ावा देने और बेचने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है। दिनांक 01 नवंबर 2025 को भोपाल विमानतल के चेक-इन क्षेत्र में दो एसएचजी काउंटर स्थापित किए गए हैं, जिनमें से एक शहरी एसएचजी (नगर निगम) और दूसरा ग्रामीण एसएचजी (ग्राम पंचायत) द्वारा संचालित है। यह पहल स्थानीय संस्कृति को बढ़ावा देती है, आजीविका सृजन में सहयोग करती है और क्षेत्रीय विरासत के साथ यात्रियों की सहभागिता को बढ़ाती है।

Under AAI’s AVSAR initiative, Raja Bhoj Airport, Bhopal implemented the One Airport One Product (OAOP) concept to promote local craftsmanship and empower Self Help Groups (SHGs). For Bhopal Airport, the identified OAOP product is ‘Zari Zardozi’, a traditional and labour-intensive embroidery art form. SHGs are encouraged to promote and sell products featuring Zari Zardozi craftsmanship at AVSAR outlets. Two SHG counters each one operated by Urban SHG (Nagar Nigam) and the other by Rural SHG (Gram Panchayat) have been installed in the check-in area of Bhopal Airport on 1 November 2025. The initiative promotes local culture, supports livelihood generation, and enhances passenger engagement with regional heritage.